## Ch-1 व्याकरण क्यों ?

1) वर्ण किसे कहते हैं ?

A:- ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें वर्ण कहते हैं।

2) वर्णमाला किसे कहते हैं ?

A:- किसी भाषा के वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

3) शब्द कैसे बनते हैं ?

A:- एक या एकाधिक ध्वनियों का एक साथ उच्चारण करने पर शब्द बनते हैं।

4) पद किसे कहते हैं ?

A:- शब्द वाक्य में आने पर पद कहलाते हैं, पद में शब्द के साथ शब्दांश भी जुड़ा होता है।

5) वाक्य कैसे बनते हैं ?

A:- निश्चित क्रम में एकाधिक पद आकर पूरे अर्थ को व्यक्त करने से वाक्य बनता है।

6) वाक्य किसमें प्रयोग होता है ?

A:- आपस में विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए हम भाषा में वाक्यों का ही प्रयोग करते हैं।

7) हिन्दी वर्णमाला में स्वर और व्यंजन वर्ण का

उदाहरण दीजिए।

उ:- उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी की ध्वनियाँ दो प्रकार की हैं- स्वर और व्यंजन

स्वर : अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ

व्यंजन : 'क' वर्ग - क ख ग घ ङ

'च' वर्ग - च छ ज झ, ञ

'ट' वर्ग - ट ठ ड ढ ण (ड़ ढ़)

'त' वर्ग - त थ द ध न

'प' वर्ग - प फ ब भ म

अन्तस्थ - य र ल व

ऊष्म - श ष स ह

(8) हिंदी में अर्द्धव्यंजन वर्ण कितने प्रकार से बनते हैं?

उ:- हिंदी में अर्द्धव्यंजन वर्णों के रूप चार प्रकार से बनते हैं-

1. कुछ वर्णों का हुक हटाकर - क फ

2. कुछ वर्णों की खड़ी पाई हटाकर - ख ग घ च ज झ ञ त थ ध न प ब भ म य ल व श ष स

3. कुछ वर्णों के नीचे हल् चिह्न लगाकर - ङ् छ् ट् ठ् ड् ढ् ह्

8. र के विशेष रूप - ्र (क्र), ` (र्क), ^ (ट्र)

9) स्वर कितने प्रकार के होते है और क्या क्या?

As:- स्वरों के उच्चारण में लगनेवाले समय के आधार पर स्वर दो प्रकार से उच्चरित होते हैं।

10) तत्सम शब्द किसे कहते है?

As:- हिंदी और ओड़िआ दोनों भाषाओं के अधिकांश शब्द संस्कृत से आये हैं, ऐसे शब्दों को तत्सम शब्द कहते हैं।

11) तद्भव शब्द किसे कहते है?

As:- अनेक शब्दों के रुप दोनों भाषाओं में बदल भी गये हैं, उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं।

12) विदेशी शब्द किसे कहते हैं?

As:- कुछ शब्द अंग्रेजी अरबी, फारसी, आदि भाषाओं से आये हैं, उन्हें विदेशी शब्द कहते हैं।